# सीईटी परीक्षा को लेकर डीसी उत्तम सिंह ने ली अफसरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के डीसी उत्तम सिंह ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 व 27 जुलाई, 2025 को आयोजित होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। उन्होंने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक लेकर आने और अन्य जिलों में भेजने को लेकर ट्रांसपोर्ट प्लॉन, पेपर को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने का ट्रांसपोर्ट प्लॉन व परीक्षा केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं व अन्य तैयारियों को लेकर बैठक की। इस दौरान एडीसी सोनू भट्ट व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा और एसपी गंगाराम पूनिया भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान डीसी उत्तम सिंह ने एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी को निर्देश दिए कि वह पेपर को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए रिजर्व गाड़ियों की व्यवस्था भी करें। यदि रास्ते में कोई गाड़ी खराब हो जाती है तो तत्काल दूसरी गाड़ी भेजकर पेपर को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाए और इसकी वीडियोग्राफी भी की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी, कर्मचारी, स्टाफ सदस्य और सेंटर सुपरिंडेंट को परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल लेकर जाने की अनुमति नहीं है। ड्यूटी दे रहे कर्मचारी की एंट्री बिना आई-कार्ड के नहीं होगी। परीक्षा के दौरान कोचिंग सेंटर व फोटो स्टेट की दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी।


करनाल। सीईटी परीक्षा को लेकर बैठक में अफसरों को निर्देश देते डीसी।

### जींद के बसों को पुलिस लाइन में रोका जाएगा

डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि जींद के जो अभ्यर्थी सीईटी परीक्षा देने के लिए करनाल आएंगे, उनकी बसों को करनाल पुलिस लाइन में रोका जाएगा। वहां से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने के लिए स्टल बस सर्विस उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन में ऑटो व ई-रिक्शा की सुविधा भी उपलब्ध होगी। जैसे ही परीक्षा खत्म होगी, शटल बस सर्विस अभ्यर्थियों को पुलिस लाइन में छोड़ेगी, वहां से अभ्यर्थी जींद के लिए वापिस रवाना होंगे।

### छोटी-छोटी तैयारियों पर भी रखें नजर: कपिल

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा ने कहा कि यह सीईटी की परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए एक पर्व की तरह है। प्रदेश में करीब 14 लाख बच्चों ने फॉर्म भरा हुआ है। इस परीक्षा को हमने सफलतापूर्वक करवाना है। यह पहले से सुनिश्चित कर लिया जाए कि सभी सेंटरों पर सही से सीसीटीवी लग गए हैं। वहां अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था ठीक से हो। स्कूलों में यदि लाइट चली जाए तो जैनरेटर की सुविधा हो। पीने के पानी और टॉयलेट की व्यवस्था सही से हो। लगे हुए सीसीटीवी का फोकस सही है या नहीं। इसके साथ-साथ अभ्यर्थियों को सेंटर तक पहुंचाने के लिए बेहतर तरीके से ट्रांसपोर्ट प्लॉन तैयार कर लिया गया हो। उन्होंने सभी को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षा करवाने का आह्वान किया। इस दौरान एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, एसडीएम नीलोखेड़ी अशोक कुमार, जीएम रोडवेज कुलदीप सिंह, आरटीए विजय देशवाल, डीडीपीओ संजय टांक, तहसीलदार कृष्ण कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 200 मीटर परिधि में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

करनाल। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीईटी परीक्षा के मद्देनजर जिलाधीश उत्तम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। ये आदेश 26 जुलाई से 27 जुलाई को परीक्षा समाप्त होने तक प्रभावी रहेंगे। आदेशानुसार, परीक्षा केंद्रों और उनकी 200 मीटर की परिधि में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश और फोटोकॉपी मशीन, प्रिंटर, अन्य नकल उपकरणों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही, किसी भी प्रकार के हथियार जैसे कि लाठी, चाकू, तलवार, गंडासा आदि लेकर आने पर भी रोक लगाई गई है। यह प्रतिबंध पुलिस और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। सिख समुदाय द्वारा धार्मिक प्रतीक के रूप में पहने जाने वाले कृपाण इस आदेश से मुक्त रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 व अन्य विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### इग्नू में दाखिले की अंतिम तिथि 31 जुलाई

करनाल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने जानकारी दी है कि इग्नू अपने छात्रों को पढ़ाई में लचीलापन देने के उद्देश्य से स्थान परिवर्तन व परीक्षा केंद्र बदलने की सुविधा प्रदान करता है। छात्र अपने क्षेत्रीय केंद्र के माध्यम से ईमेल या पत्र के माध्यम से यह आवेदन कर सकते हैं। इग्नू 300 से अधिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है और यूजीसी, एआईसीटीई व डीईबी से मान्यता प्राप्त है। दाखिले की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। करनाल क्षेत्रीय केंद्र का कोड 10 है।

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में किया पौधरोपण

करनाल। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, मधुबन में मंगलवार को एक विशेष पर्यावरणीय अभियान /"एक पौधा माँ के नाम/" का भावनात्मक और प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर मातृ सम्मान की भावना को जागृत करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने अपनी माताओं के नाम से एक-एक पौधा रोपकर उन्हें समर्पित किया। इस अनोखे आयोजन में एनसीसी (NCC) और स्काउट एंड गाइड इकाइयों के छात्र-छात्राओं ने श्री विकास, संजय, सचिन, मिडलम और लाइन एलसी के कुशल निर्देशन में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### आंखों का चैकअप करने के लिए फ्री कैंप लगाया

करनाल। लायंस क्लब करनाल रॉयल की ओर से राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल काछवा में बच्चों की आंखों का चैकअप करने के लिए फ्री कैंप लगाया गया। क्लब के प्रधान संजीव कुमार, सचिव जसविंदर सिंह, सोम कुमार वोहरा व अन्य सदस्यों की देखरेख में आधुनिक मशीनों से बच्चों की आंखें जांची गई। कैंप में 650 बच्चों की आंखें जांची गई। इनमें से 52 बच्चों की आंखों में कमी पाई गई। डॉक्टर के परामर्श के अनुसार क्लब की ओर से बच्चों को चश्में निशुल्क दिए जाएंगे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# विभाग के अफसर दस दिन में लगवाएं सड़कों पर स्पीड संबंधी साइन बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त उत्तम सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर की अंदरूनी सडक़ों पर गति संबंधी साइन बोर्ड दस दिन के भीतर लगवाएं। निर्धारित गति से ज्यादा तेज वाहन चलाने वालों के चालान किए जाएं। उन्होंने यातायात पुलिस अधिकारियों से कहा कि सीट बेल्ट न पहनने, जेब्रा क्रांसिग व लाल बत्ती का उल्लंघन करने वाले सरकारी वाहन (आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को छोडक़र) चालकों के भी चालान किए जाएं।

उपायुक्त ने आज जिला सचिवालय में आयोजित जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्कूली बसों की जांच में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। यदि किसी स्कूली बस का चालक बार-बार सडक़ नियमों का उल्लंघन करता पाया जाए तो उसे हटाने के लिए स्कूल प्रबंधन को लिखा जाए। आज की बैठक में 12 पुराने और सात नए एजेंडों पर विचार-विमर्श किया गया। घरौंडा के अराईपुरा रोड पर बिजली की तारें ऊंची उठाने के बारे में बताया गया कि केस सरकार को मंजूरी के लिए भेजा जा चुका है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे इस मामले को फॉलो करते रहें। घरौंडा नगर पालिका सचिव की ओर से बताया गया कि वहां के नए बस अड्डे के सामने ट्रैफिक लाइट 15 दिन में लगा दी जाएंगी। निगम अधिकारियों की ओर से बताया गया कि उधम सिंह चौक से मेरठ चौक तक की सडक़ के मजबूतीकरण कार्य का 11 करोड़ का वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है। उपायुक्त ने कुंजपुरा के बड़ा गांव रोड पर सडक़ किनारे बेतरतीब पड़े पत्थरों को एक तरफ रखने के निर्देश दिए। कहा कि इनके कारण हादसे का अंदेशा रहता है। पीडब्ल्यूडी की ओर से बताया गया कि इस सडक़ के सुधार के लिए जरूरी टेंडर 15 दिन के भीतर लगा दिए जाएंगे। इस पर 293.40 लाख रुपये खर्च होंगे। निगम के कार्यकारी अभियंता जुंडला चौंक नजदीक शिवपुरी रोड पर बड़े गड्ढों को भरने के लिए वर्क आर्डर जारी किया जा चुका है। बैठक में पुलिस लाईन के पास स्पीड ब्रेकर की मरम्मत कराने और उस पर पेंट से निशान लगाने, घरौंडा में फ्लाईओवर और बसताड़ा टोल के पास अवैध कट बंद करने, घरौंडा बस अड्डे के सामने पुल के नीच डिवाइडर की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि हिट एंड रन के मामलों में पीड़ितों को मुआवजे संबंधी 46 में से 33 केसों को मंजूरी दी जा चुकी है। तेरह केस लंबित हैं। इस पर उपायुक्त ने



करनाल। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अफसरों को निर्देश देते डीसी।

### 2.43 करोड़ से अधिक जुर्माना वसूला

इस साल जुलाई में पुलिस द्वारा ओवर स्पीड के 6550, बिना हेल्मेट के 187, नशा करके वाहन चलाने वालों के 275, बिना आरसी के 427, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 188, बिना नंबर प्लेट के 797, लेन बदलने के 2686, तीन सवारियां बैठाने वालों के 120, गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के 569, गलत पार्किंग के 488, लाल बत्ती का उल्लंघन करने के 2003, बिना थर्ड पार्टी बीमा के 4458, जेब्रा क्रांसिंग के 1622, बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट के 5276, बिना सीट बेल्ट के 195 चालन कर एक करोड़ तीन लाख 30 हजार 200 रुपये जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार आरटीए द्वारा ओवरलोडिंग के 441 चालन किए गए और एक करोड़ 40 लाख 31 हजार 200 रुपये जुर्माना वसूला गया। इंस्टीच्यूट आफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) में 30 जून तक 668 लोगों को ट्रेनिंग के लिए पंजीकरण कराया जिसमें से 634 ने परीक्षा पास की।

## खबर संक्षेप



### दयाल सिंह पब्लिक स्कूल ने गायन में पाया तीसरा स्थान

करनाल। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल (मुख्य शाखा) करनाल में आयोजित सम्मान समारोह में इंटर स्कूल गायन प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य सुषमा देवगन व मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थी विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन कर रहे हैं। एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल में आयोजित सरदार बलवंत सिंह रनिंग ट्रॉफी के अंतर्गत शब्द गायन प्रतियोगिता में 13 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया।



### पूजा भारती ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

करनाल। गुरु नानक खालसा कॉलेज की एनसीसी कैडेट एवं खिलाड़ी पूजा भारती ने जर्मनी के बर्लिन में आयोजित ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर कॉलेज और करनाल का नाम रोशन किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने पूजा को सम्मानित किया और सहयोग का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने बताया कि भारत ने प्रतियोगिता में छठा स्थान प्राप्त किया और पूजा अब चीन में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी भाग लेंगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि पूजा ने पावर लिफ्टिंग में सिल्वर मैडल भी जीता है। इस मौके पर 7 हरियाणा एनसीसी बटालियन के कर्नल के.के. वेंकटरमन, स. हरमुखजीत सिंह मान, चौ. राजबीर चौहान, डॉ. एस.के. गोयल सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।



### भारत नव निर्माण सेना ने किया शहीदों को नमन

इंद्री। भारत नव निर्माण सेना द्वारा देश के महान क्रांतिकारी एवं देशभक्त चन्द्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर ब्राह्मण धर्मशाला इंद्री में हवन-यज्ञ का आयोजन कर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस जयंती समारोह में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर व पूर्व मंत्री भीमसेन मैहता ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत नव निर्माण सेना के प्रदेशाध्यक्ष पंडित धर्मपाल शांडिल्य ने की। देश के महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जयंती समारोह में बोलते हुए प्रवीन लाठर ने कहा कि आज हम महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद व अन्य असंख्य शहीदों की शहादत की बदौलत खुली हवा में सांस ले रहे हैं।



### कांवड़ियों के लिए तीन दिवसीय भंडारे का आयोजन

तरावड़ी। ओम शिव शंकर सेवा मंडल ने आज तरावड़ी की अनाज मंडी में हरिद्वार, ऋषिकेश व अन्य जगहों से गंगा जल लाने वाले काविडयो के लिए तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह भंडारा सोमवार से लगाया जा रहा है। आज नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने शिविर में पहुंचकर भंडारे की शुरुआत की। उन्होंने भंडारे में पहले अपनी सेवा प्रदान की और कांवड़ियों के लिए लंगर बनाने में सहयोग भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा एक वार्षिक हिंदू तीर्थयात्रा है, जिसमें भक्त भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए हरिद्वार, गंगोत्री और ऋषिकेश जैसे पवित्र स्थानों से गंगाजल लेकर अपने-अपने स्थानों पर लौटते हैं। कांवडयिों के लिए लंगर की व्यवस्था इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सेवा, भक्ति और समुदाय की भावना को दर्शाती है। यह लंगर कांवड़ियों को विश्राम करने, भोजन करने और अपनी यात्रा जारी रखने के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त करने में मदद करते हैं।



### भारत विकास परिषद महिला विंग ने मनाया तीज उत्सव

तरावड़ी। आज सौंकड़ा रोड स्थित अर्बन एस्टेट में भारत विकास परिषद महिला विंग की ओर से तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत विकास परिषद महिला विंग की अध्यक्ष काजल गोयल, पूजा बंसल, भावना मिड्डा, किरण बंसल, अंजली कामरा, सुनैना हंस, ममता मुंजाल मुख्य रूप से मौजूद रही। इस अवसर पर काजल गोयल ने कहा कि श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाने वाली हरियाली तीज का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का विधान है। मान्यता है कि इस व्रत को श्रद्धा पूर्वक करने से विवाहित महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है और उनके पति की आयु लंबी होती है।

# सीईटी अभ्यर्थियों की सेवा में भाजपा संगठन की पहल, सभी बिरादरियों की धर्मशालाएं आगे आईं

- प्रवीण लाठर बोले: रहन-सहन से लेकर भोजन तक की व्यवस्था सामूहिक सहयोग से सुनिश्चित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आगामी 26 व 27 जुलाई को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सामान्य पात्रता परीक्षा (CET) के मद्देनज़र करनाल में भाजपा संगठन ने एक अनूठी पहल करते हुए बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों के रहन-सहन, भोजन और आवास की समुचित व्यवस्था करने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए शहर की सभी प्रमुख धर्मशालाएं और सामाजिक संस्थाएं भाजपा के सहयोग से आगे आई हैं।



इस क्रम में भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में विभिन्न बिरादरियों की करीब 19 धर्मशालाओं के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने की। /"परीक्षार्थियों को नहीं होने देंगे कोई असुविधा/" जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि, /"सीईटी में हजारों की संख्या में करनाल पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए 25 से 27 जुलाई तक खाने-पीने और ठहरने की निशुल्क व्यवस्था की जाएगी। यह पूरी व्यवस्था सभी धर्मों और समाज के लोगों की सामूहिक भागीदारी से की जा रही है, जो करनाल की समरसता और सेवा भावना को दर्शाती है।/"

उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से भी परीक्षा केंद्रों पर सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन सामाजिक संगठनों की यह पहल अतिथि सेवा की मिसाल बनेगी। बैठक में मौजूद विभिन्न धर्मशालाओं और संस्थाओं ने समर्पण और सहयोग की भावना से इस अभियान में हिस्सा लेने की घोषणा की। भोजन, रात्रि विश्राम, पेयजल व प्राथमिक चिकित्सा तक की व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की गई। साथ ही, अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन देने के लिए स्वयंसेवकों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी।



### महापौर रेणु बाला गुप्ता को सौंपा ज्ञापन

करनाल। सेक्टर-35 स्थित जेबीबी ग्रैंड रेज़िडेन्स वेलफेयर एसोसिएशन तथा आसपास की अन्य सोसायटियों के पदाधिकारियों ने सोमवार को वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता आकाश भट्ट के नेतृत्व में नगर निगम की महापौर रेणु बाला गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में व्याप्त बुनियादी समस्याओं को लेकर महापौर को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सड़क की मरम्मत, जल निकासी व सीवरेज लाइन की दुरुस्तीकरण, सड़क प्रकाश व्यवस्था तथा प्रमुख चौक पर हाई मास्क लाइट लगाने की आवश्यकता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता आकाश भट्ट ने कहा कि यह मुलाकात केवल शिकायत नहीं, बल्कि समाधान के लिए रचनात्मक संवाद की दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने करनाल को स्वच्छता सर्वेक्षण में मिली रैंकिंग पर नगर निगम की सराहना करते हुए नागरिक सहभागिता को और अधिक सशक्त बनाने की बात कही।

## शिवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तों ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक

# भोलेनाथ के उद्घोष से गूंजे शिवालय


इंद्री के शिव मंदिर मे शिवरात्रि के पर्व शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और दिन भर मंदिरों में बम बम भोले के जयकारे गूंजते रहे । हरिद्वार से गंगा जल लेकर आए कावडिय़ों ने भी शिवलिंग पर जलाभिषेक किया । शिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का गंगाजल से जलाभिषेक कर दूध, दही, शक्कर, शहद,घी व गन्ने का रस अर्पित किया और सुख शांति की कामना की । वही शिवरात्रि पर शिव भक्तों ने व्रत भी रखा । शिवरात्रि के पर्व पर मंदिर सुधार सभा इंद्री की ओर से डाक कावड़ लेने गए 50 कांवड़ियों ने शिव मंदिर इंद्री मे शिवलिंग का जलाभिषेक किया । सभा प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि मंदिर सुधार सभा की तरफ से अबकी बार पहली डाक कावड़ भेजी गई थी जिसमें करीब 50 कावडिए. जल लेने गए थे जिन्होने श्रद्धापूर्वक हरिद्वार से गंगाजल लाकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया ।



### सावन शिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से मनाया

करनाल। श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में सावन शिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। भजन कीर्तन कर भोलेनाथ को रिझाया गया। शिवलिंग पर जलाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगी गई। मुख्य यजमान के रूप में अनिल सहगल, मीनू, नम्रता सहगल, संजीव मित्तल व रेनू ने शिरकत की। पंडित अनिल द्विवेदी एवं पंडित हरीश शास्त्री ने विधिवत रूप से एवं मंत्र उच्चारण द्वारा पूजा अर्चना करवाई। भोलेनाथ को पंचामृत स्नान शहद, घी, शक्कर, दही व दूध से करवाया गया। शिव स्तुति एवं पंचाक्षरी मंगलम का पाठ किया गया। भोलेनाथ के दरबार में संजीव मित्तल एवं रेनू मित्तल की विवाह की सालगिरह मनाई गई। भजनों की गंगा में अनु खट्टर, सुशील मदान व वीना सेठ ने आज दूल्हा बने हैं भोलेनाथ जोड़ी का जवाब नहीं जोड़ी का जवाब नहीं भजन गाया।



### सनातन धर्म मंदिर में सावन महोत्सव की धूम

करनाल। सनातन धर्म मंदिर रामनगर में चल रहे सावन महोत्सव में मंगलवार रात श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। ॐ नमः शिवायः जाप परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और शिव भोलेनाथ का गुणगान करते हुए झूम उठे। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और शिव स्तुति से गूंज उठा। कार्यक्रम के यजमान प्रवीण अरोड़ा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मुख्य अतिथि के रूप में जगदीश सभरवाल और गौरव सभरवाल ने विशेष रूप से शिरकत की और आयोजकों की भक्ति भावना की सराहना की। पूरे आयोजन का वैदिक रीति से संचालन पुजारी कृष्णाचार्य द्विवेदी ने किया। शिव स्तुति और महादेव की महिमा का सुंदर वर्णन बबीता मक्कड़ ने किया, जिसकी प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस धार्मिक आयोजन में ॐ नमः शिवायः जाप परिवार के सेवादारों की भूमिका भी सराहनीय रही। संजय टिक्का, नरेश छाबड़ा, अनिल छाबड़ा, अशोक दुआ, कपिल ढल, सुरिंदर अघि, विकास टिक्का, जसवंत मीढ़ा, राजेश मेहरा, शांति सचदेवा, साहिल खुराना, रोहित ग्रोवर, दीपक छाबड़ा, अमन कुमार, हन्नी मुंजाल, प्रेम कठपालिया, ज्योति मुंजाल, नीलम आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### प्ले स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य

**पानीपत।** जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी परविन्द्र कौर ने जिला पानीपत के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में प्ले स्कूल संचालित कर रहे या इच्छुक व्यक्तियों / संस्थाओं के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा छोटे बच्चों की देखरेख एवं शिक्षा निति 2013 के तहत सभी प्ले स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। जिसमें केवल 3 से 6 वर्ष के बच्चों को दाखिला मान्य होगा तथा सरकार के नियम निति हिदायतों एवं मापदण्डों के तहत ही प्ले स्कूलों का संचालन करना होगा।

### सेवा संगठन ने लगाया भंडारा लगाया

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की ओर से कावड़ सेवा शिविर के समापन पर शिवरात्रि के उपलक्ष पर विशाल भंडारा लगाया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन, गुलशन कटारिया, नरेश जैन, विनोद गोयल, विकास जैन, अमित जैन, कैलाश जैन, अंकित माटा, मनोज गांधी, विनोद ग्रोवर, सुभाष गोस्वामी, अशोक मखीजा समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### स्नेचिंग के आरोपी को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने बिजावा रोड पर ई रिक्शा चालक से मोबाइल छिनने वाले आरोपी विजय पुत्र रामकरण निवासी गांव कैथ जिला पानीपत को शाहपुर में जवाहरा मोड़ से गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि मोबाइल छिनने की उक्त वारदात बारे थाना इसराना में जोगिंद्र पुत्र हुकमचंद निवासी गांव इसराना जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### विक्टर स्कूल में मनाया शिवरात्रि पर्व

**पानीपत।** पानीपत विक्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छठी कक्षा के विद्यार्थियों सीरत एंड ग्रुप ने भजन पर नृत्य किया। इस अवसर पर अध्यापकों व विद्यार्थियों गगन छाबड़ा, मयंक, आकृति, गुरलीन, विक्रम गांधी, पार्थ आदि ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### संजय और सुषेन बने उपाध्यक्ष

**पानीपत।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन यानि हसला द्वारा राज्य कार्यकारिणी का गठन किया गया है। राज्य प्रधान सतपाल सिंधु ने बताया कि पानीपत से संजय कुमार देशवाल भंडारी एवं डॉ.सुषेन चौधरी किवाना को हसला का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि अजीत चंदेलिया किवाना प्रदेश प्रेस सचिव, पानीपत से पीएमश्री के सुरेंद्र परमार को सचिव एवं राकेश कुमार को संयुक्त सचिव का पद दिया गया।

### छात्र आवेदनों में खामियों को करें दूर

**पानीपत।** जिला सामाज कल्याण विभाग अधिकारी जयपान हुड्डा ने बताया की सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा द्वारा संचालित डॉ बी आर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना चलाई जा रही है। वहीं, हुड्डा ने आवेदनकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने आवेदन-पत्रों में पाई गई कमियों को 26 जुलाई तक पूर्ण कर ऑनलाइन पोर्टल पर पुनः अपलोड करें।

पानीपत में धूमधाम से मनाया शिवरात्रि का पर्व

# शिवरात्रि पर कांवड़ियों के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने मंदिरों में किया शिव पूजन

सैकडों स्थानों पर भंडारों लगाए, पुलिस ने शाम का सभी मार्गों पर यातायात बहाल किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत




पानीपत। सोमनाथ धाम आश्रम गांव निंबरी में महाशिवरात्रि पर्व पर पूजन करते हुए श्रद्धालु व जीडी गोयंका स्कूल में महाशिवरात्रि पर्व पर पूजन करते हुए नन्हें मुन्ने श्रद्धालु।

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में महाशिव रात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। जहां शिवरात्रि पर्व पर हजारों डाक कांवड़ियों पानीपत से होते हुए अपनी मंजिल की ओर बढे। वहीं पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में लाखों कावडियों ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान शिव का गंगाजल से पूजन किया। पानीपत के प्राचीन देवी मंदिर, गांव भादड के शिव मंदिर समेत सभी मंदिरों में भगवान शिव का पूजन हुआ। वहीं, शहरी व ग्रामीण अंचल में सैकडों स्थानों पर शिवभक्ताओं ने भंडारों का आयोजन किया। भंडारों में लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी ओर, श्री सोमनाथ धाम आश्रम निंबरी में सावन माह की शिवरात्रि का श्रद्धा से मनाया गया। वहीं, भक्तों ने शिवलिंग का दूध, दही, गंगाजल, शहद, घी आदि पांच अमृत से रुद्राभिषेक किया तथा बाद में शिव भोले पर फल, फूल, बेलपत्र व मिष्ठान आदि अर्पित करके पूरे शिव परिवार को नए वस्त्रों से सुसज्जित किया गया। आश्रम के पंडित खेम राज ने विधिवत मंत्रोचारण के साथ रुद्राभिषेक कराया। दूसरी ओर, जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिवोत्सव का आयोजन किया गया। वहीं, कीरत, विहान, अर्जुन, आराध्या, हरसिफ शिव व माता पार्वती का स्वरूप बने। इधर, विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन व बलराम शर्मा ने महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी।



पानीपत। आर्य कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह विजेता एनसीसी कैडेट्स।

## आर्य कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स समूह नृत्य में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

सोनीपत स्थित दीन बन्धु चौधरी छोटूराम विश्वविद्यालय में एनसीसी की 12 एचआर बटालियन, सोनीपत द्वारा 10 दिवसीय शिविर का आयोजन करवाया गया। शिविर आर्य में कॉलेज के कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। बुधवार को कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने विजेता कैडेट्स का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर बधाई देते हुए स्वागत किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही कॉलेज की एनसीसी इकाई के एएनओ डॉ. शिव नारायण को इस विशेष उपलब्धि पर बधाई दी। कॉलेज उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जुलाई से 21 जुलाई तक सोनीपत स्थित दीन बन्धु चौधरी छोटूराम विश्वविद्यालय में एनसीसी की 12 एचआर बटालियन, सोनीपत द्वारा 10 दिवसीय शिविर का आयोजन करवाया गया। शिविर में 22 महाविद्यालयों के लगभग 250 कैडेट्स ने भाग लिया। डॉ. सिंह ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन कई प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज की कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया।

## अधिकारियों की कमी से जूझा रहा है इसराना ब्लॉक

**इसराना।** इसराना सब डिवीजन में अधिकारियों की कमी से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। खंड कार्यालय में कई महत्वपूर्ण पद रिक्त हैं। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने 1 जनवरी 2025 को पांच अधिकारियों को निलंबित किया था, जिनमें बीडीपीओ भी शामिल थे। वहीं बीडीपीओ का अतिरिक्त कार्यभार पानीपत के डीडीपीओ राजेश शर्मा को दिया गया है। इसके अलावा एसडीओ पंचायती राज और एसईपीओ का पद खाली है। कार्यालय में तीन सहायक और एक ऑपरेटर के पद भी रिक्त हैं। अधिकतर काम अतिरिक्त कर्मचारियों पर निर्भर है। इधर, तहसील कार्यालय की स्थिति भी चिंताजनक है। एक सप्ताह पहले तहसीलदार के रीडर को रिश्वत लेते हुए एसीबी की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। नायब तहसीलदार छुट्टी पर हैं और तहसीलदार की अनुपस्थिति में पिछले एक सप्ताह से रजिस्ट्री का कार्य रुका हुआ है। अधिकारियों की अनुपस्थिति से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## नारी शक्ति, प्रेम, समर्पण, संस्कृति का प्रतीक है तीज पर्व : सुमन सैनी

- –मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी ने पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय तीज समारोह में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत




पानीपत। तीज पर्व पर आयोजित प्रदर्शन का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी व तीज पर्व पर झूला झूलते हुए मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी आदि।

हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि तीज का पर्व नारी शक्ति, प्रेम, समर्पण और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। यह पर्व विशेष रूप से महिलाओं द्वारा बड़े उल्लास और आस्था के साथ मनाया जाता है। तीज हमारे समाज में नारी की भूमिका और उसकी आंतरिक शक्ति का उत्सव है। सुमन सैनी बुधवार को हरियाणा बाल कल्याण परिषद द्वारा पानीपत में आयोजित राज्यस्तरीय तीज पर्व के अवसर पर बोल रही थी। उन्होंने कहा कि तीज का त्योहार हमें प्रकृति, प्रेम और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ता है। यह पर्व भारतीय संस्कृति की जीवंतता और हमारी परंपराओं की गहराई को दर्शाता है। उन्होंने सभी महिलाओं के सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान की दिशा में निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी हर संभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रहे है। जबकि हरियाणा सरकार भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महिलाओं की सेवा में जुटी है। वहीं, उन्होंने उपस्थित महिलाओं से पर्यावरण संरक्षण की पहल करते हुए एक पौधा भी इस त्यौहार पर अपनी पति के नाम पर लगाने की अपील की। दूसरी ओर, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने बाल कल्याण परिषद की ओर से हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी का स्वागत करते हुए बाल कल्याण परिषद का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

## राजकीय स्कूल के बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। राजकीय स्कूल के विद्यार्थी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र दिखाते हुए।

इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन द्वारा मॉडल टाउन स्थित राजकीय स्कूल में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, शिविर में लगभग 300 विद्यार्थियों, अध्यापकों आदि के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें उजाला सिग्नस महाराजा अग्रसेन अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक बंसल आदि ने अपनी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन की प्रधान रूपाली चोपड़ा, प्रधानाचार्य कुसुम बंसल, श्वेता मिगलानी, रूपाली चोपड़ा, मंजरी गोयल, प्रियंका दुआ, नीतू छाबड़ा, पूजा मलिक, साधिका मिगलानी, पिंकी सैनी मोनिका बठला आदि उपस्थित रही।

## इंडिया इंश्योरेंस ने स्थापना दिवस पर लगाया हेल्थ चेकअप कैंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत




दि न्यू इंडिया एश्योरेंस के अनिल कुमार, सुरेश गोयल, संगीता सामरा दीप जला कर मेडिकल कैंप का शुभारंभ करते हुए।

दि न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के 107वें स्थापना दिवस पर पानीपत डिविजनल ऑफिस में पार्क हॉस्पिटल द्वारा हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया गया। डिविजनल मैनेजर अनिल कुमार, सुरेश गोयल, संगीता सामरा ने दीप प्रज्वलित कर कैम्प का शुभारंभ किया। पार्क हॉस्पिटल से आए डॉ. नवदीप दहिया, डॉ. आकाश, परमिंदर सिंह, डॉ. मोनिका, डॉ. प्रदीप सिंह, पूनम आदि ने 45 लोगों के ब्लड प्रेशर, शुगर व आंखों की जांच की। साथ ही लोगों को स्वस्थ रहने की भी दी सलाह। इस अवसर पर न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी के राजेश वर्मा, प्रियंका, हरजिंदर सिंह, विशाल, संजय कुमार जैन आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण कर मनाया शिवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



महाशिवरात्री पर्व पर किन्नर समाज के महंत नैना शर्मा, दिव्यांग का स्नेह करते हुए।

शिवरात्रि का पर्व किन्नर समाज के महंत नैना शर्मा ने अपना आशियाना में निवास कर रहे बेसहारा, दिव्यांगों आदि को वस्त्र वितरित कर भोजन करवा कर मनाया। किन्नर महंत नैना शर्मा ने कहा कि नर सेवा नरायण सेवा होती है। जरूरतमंदों के साथ हर त्यौहार को सांझा कर मनाने से भगवान भी प्रसन्न होते हैं। उन्होंने बताया कि किन्नर समुदाय भगवान शिव और पार्वती के अर्धनारीश्वर रूप को विशेष रूप से पूजते हैं, जो पुरुष और महिला सिद्धांतों की एकता का प्रतीक है। शिवरात्रि का दिन भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का प्रतीक है। इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से जीवन में खुशहाली आती है और दुखों का नाश होता है। इसलिए उन्होंने इस दिन जरूरतमंदों के साथ शिवरात्रि पर्व मनाया।

## सीईटी परीक्षार्थियों को फ्री मिलेगी बस सेवा

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सीईटी परीक्षा में शामिल होने जा रहे अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 26 एवं 27 जुलाई को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए हरियाणा रोडवेज की ओर से निःशुल्क बस सेवा प्रदान की जाएगी। यह सेवा अभ्यर्थियों को उनके नजदीकी जिला स्तरीय बस अड्डे से परीक्षा केंद्र तक पहुंचने और वापसी हेतु उपलब्ध करवाई जाएगी। रोड़वेज महाप्रबंधक विक्रम काम्बोज ने बताया कि सीईटी की परीक्षा के लिए जहां से निःशुल्क बस चलाई जाएगी। ऐसे 11 स्थानों पर कलस्टर बनाए गए हैं। जिनमें नया व पुराना बस अड्डा, समालखा, मडलौडा, इसराना, बापौली, कुराना, बबैल, चुलकाना, सनौली, उरलाना खुर्द शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे परीक्षार्थी जिनकी परीक्षा सोनीपत में है वह अपने नजदीक के कलस्टर पर जाकर सुबह चार बजे निःशुल्क बस सेवा ले सकते हैं। पानीपत एसडीएम मनदीप कुमार ने बताया कि सीईटी के परीक्षार्थियों को दिक्कत ना हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा हैल्पलाईन नम्बर जारी किए गए हैं जोकि 24 घंटे सेवा में रहेंगे।

## किसानों को यूरिया नहीं दे रही है प्रदेश सरकार : डॉ. मलिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। किसान सभा के पदाधिकारीगण कृषि अधिकारी को मांग पत्र सौंपते हुए।

अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी के नेतृत्व में किसानों ने बढ़ती खाद की समस्या को लेकर उपायुक्त और उप जिला निरीक्षक कृषि विभाग को लिखित ज्ञापन पत्र प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में जिला प्रधान डॉ. सुरेंद्र मलिक, जिला सचिव राजपाल गाहल्याण, जिला कोषाध्यक्ष दिलावर सिंह राठी, जिला उप प्रधान सीताराम शर्मा, हरिराम, रामकिशन, मांगेराम, एसए खान आदि शामिल थे। किसान सभा ने हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि हरियाणा का किसान लंबी- लंबी लाइनों में लगकर खाद लेने पर मजबूर है और कृषि मंत्री कह रहे हैं कि खाद की हरियाणा के अंदर कोई कमी नहीं है। पत्र में प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि सरकारी दुकानों पर सोसाइटियों के अंदर खाद की आपूर्ति को पूरा किया जाए।

## डीएसपीएस में हुआ ब्रांड लोगो एक्सपो




*पानीपत। डीएसपीएस स्कूल की प्राचार्या डॉ विनीता तोमर के साथ विद्यार्थी।*

*हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत*

*दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के वाणिज्य विभाग की ओर से ब्रांड लोगो एक्सपो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.विनीता कुमार तोमर द्वारा की गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के ब्रांडों के लिए नए-नए और रोचक लोगो डिजाइन करके अपनी कुशल प्रतिभा का परिचय दिया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिका पूजा बतरा व कनिका शर्मा का अमूल्य योगदान रहा।*

कांवड़ियों के लिए मेडिकल सेवा भी उपलब्ध रही

## कांवड़ियों की सेवा में जुटे रहे श्री विश्वकर्मा मंदिर के स्वयंसेवक

- विश्वकर्मा मंदिर में कावड़ियों को भोजन, रहने, स्नान करने और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा



विश्वकर्मा मंदिर के स्वयं सेवक कावडियों का स्वागत करते हुए।

श्री विश्वकर्मा मंदिर धर्मशाला रेलवे रोड गन्नौर मंडी में महाशिवरात्रि का त्यौहार धूमधाम से मनाया। वहीं हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कावडियों के रहने व खाने की व्यवस्था श्री विश्वकर्मा मंदिर द्वारा की गई थी। इधर, विश्वकर्मा मंदिर में कावड़ियों को भोजन, रहने, स्नान करने और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई थी। जबकि कावडियों के लिए मेडिकल सेवा भी उपलब्ध रही। वहीं, विश्वकर्मा मंदिर में प्रधान मा.सुलेख चंद पांचाल, महासचिन जोगिन्द्र धीमान, कोषाध्यक्ष विनोद जांगडा, नरेश जागंडा, कर्मबीर पांचाल, राजू पांचाल, सुरेश धीमान आदि ने भगवान शिव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भगवान शिव की आरती की गई।

